Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 17-10-2022 | अंक 375

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### ब्रह्मा विद्या विहंगम ने किया साप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का आयोजन



बरही हजारीबाग रोड में स्थित शकुंतला पैलेस में सोमवार को ब्रह्मा विद्या विहंगम द्वारा साप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का आयोजन किया गया। जहां ओमकार ध्वनि, स्वागत गान, माल्यार्पण एवं मंगलगान सामूहिक, उद्घोष सिकंदर सिंह, ज्ञान गुदड़ी कृष्णा कुमार गुप्ता, स्वर्वेद पाठ डॉ महेश प्रसाद, वंदना, आरती एवं शांति पाठ सामूहिक सामूहिक, प्रवचन चंद्र मोहन मिश्रा ने किया। मौके पर कैलाश प्रसाद, किशोरी उर्फ राजेंद्र सिंह, सिकंदर सिंह, राजदेव सिंह, समुंद्री देवी, कैलाश पति सिंह, प्रमोद प्रसाद गुप्ता, शक्ति सिंह एवं शकुंतला देवी मौजूद थी।

## सूचना

आप सभी को सूचित किया जाता है की बरही हजारीबाग रोड में स्थित बरही डिफेंस एकेडमी में 10 अक्टूबर से नामांकन प्रारंभ हो चुका है। जहां डिफेंस से संबंधित हर एक प्रकार की तैयारी कराई जाती है। इस बात की जानकारी संस्थान के निदेशक रोहित कुमार यादव ने दी है। विशेष जानकारी के लिए संपर्क करे। संपर्क सूत्र 8709962329

# सरकारी शराब दुकान परिसर में बनता है नकली शराब, भारी मात्रा में मिला खाली बोतल व रैपर

## राँची से आये जाँच टीम ने पत्रकारों को दिया टालमटोल जवाब, शक के दायरे में सरकारी शराब दुकान





**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

चतरा मोड़ स्थित सरकारी शराब दुकान का विवादों से नाता रहा है पुराना। लोगों द्वारा सरकारी शराब दुकान में नकली शराब बेचे जाने की सूचना के बाद झारखण्ड स्टेट बेवरेज क०र्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारी राँची से जाँच पड़ताल करने पहुँचे चौपारण। सूचना मिलने पर पत्रकारों का टीम चतरा रोड स्थित शराब दुकान पहुँचा। जांच अधिकारी ने पाया कि शराब दुकान परिसर में ही भारी मात्रा में भिन्न भिन्न ब्रांड के खाली बोतल, रैपर व शराब पैकिंग के लिए कार्टून रखा गया था। हालांकि सवाल जवाब करने के दौरान जाँच अधिकारी ने नकली शराब बनने की बात कही हालांकि बाद में अधिकारी पलड़ा झाड़ लिया। इधर जांच अधिकारियों से इस संदर्भ में पत्रकारों ने कंपनी के अधिकारी अमीत कुमार से सवाल जवाब किया तो उन्होंने बताया कि हमे शराब दुकान के अंदर से मतलब है बाहर से मुझे कोई लेना देना नही है। हमारी टीम दुकान में स्ट०क का जांच करने पहुंची है। वही मकान मालिक सह कांग्रेस के मीडिया प्रभारी मनोज यादव ने बताया कि हमने पूरा मकान शराब दुकान संचालकों को दे दिया है अब नकली शराब या असली शराब बनता है इससे हमें कोई लेना देना नही है। संचालक से सवाल जवाब किया गया तो उन्होंने बताया कि ग्राहक शराब पीकर बोतल फेक देते होंगे। अब सवाल उठना लाजमी है कि शराब दुकान परिसर में इतना सारा खाली बोतल व कार्टून आय कहाँ से, आखिरी किसने बोतल वहाँ रखा ये जाँच का विषय है। ये खाली बोतल और रैपर, कार्टून कही न कही बड़ी संलिप्त की ओर इशारा कर रहा है। घंटो जांच पड़ताल में अधिकारी कुछ भी बताने से बचते दिखे। इधर सबधित अधिकारी से टेलीफिनिक वार्ता करने पर सबका मोबाइल नम्बर स्विच ऑफ बताया।

# खड़ी ट्रक में लगी आग, लाखों का कपड़ा जलकर राख

## पंजाब के लुधियाना से रांची जा रही थी ट्रक



ट्रक में लगी आग



आग बुझाते लोग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही थाना क्षेत्र के रसोइया धमना स्थित राजू लाइन होटल के नजदीक खड़ी ट्रक संख्या PB10FF/ 5184 में सुबह लगभग 11 अचानक आग लग गई। फायरब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ट्रक में लाखो का कपड़ा लदा था। ट्रक ड्राइवर गगनदीप सिंह पिता जगरूप सिंह ने बताया की यह माल पंजाब के लुधियाना से लोड कर रांची जा रहे थे। इसी क्रम में बीते कल रात 8 बजे राजू लाइन होटल में रुके। चालक ने बताया की सोमवार शाम को मुझे रांची जाना था। लेकिन इसी क्रम में 11 बजे गाड़ी में आग लग गई। उन्होंने कहा की फायरब्रिगेड एवं आस पास के ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक में कपड़ा के नीचे ज्वलनशील पदार्थ (केमिकल) भी लोड था। आग लगने का एक कारण यह भी हो सकता है। ट्रक में आग लगने की सूचना मिलते ही बरही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों के साथ ट्रक में लगी आग को बुझाने में सहयोग किया। वहीं पंसस मो तैयब, उपमुखिया बीरेंद्र साव, विनय साव, राजू यादव, संतोष कुमार, गौतम कुमार, विक्कू कुमार, सुनील राना, सागिर अंसारी, मो अयुब एवं काशी साव ने ट्रक में लगी आग को बुझाने में अहम योगदान दिया।

APEM LIVE

# कोनरा पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन, 458 लोगो ने दिया आवेदन




लाभुक को चेक सौंपते विधायक वा अन्य



वर्मी कंपोस्ट का शिलान्यास करते हुए

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

झारखंड सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में ष्आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारष के कार्यक्रम के तहत सोमवार को कोनरा पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विधायक उमाशंकर अकेला, बीडीओ सी.आर. इंदवार, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छट्टू गोप, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, प्रमुख मनोज रजक, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, बरही विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू ने संयुक्त रूप से किया। इस शिविर में 15 वीं वित आयोग, आवास, सावित्री भाई फुले किशोरी समृद्ध योजना, ई श्रम कार्ड, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, राशन कार्ड, स्वास्थ्य, जिला आपूर्ति सहित अन्य कई स्ट०ल लगाए गए। वहीं इस शि. विर में कुल 458 लोगों आवेदन जमा किए। वहीं विधायक उमाशंकर अकेला ने सोलहा खातून के जमीन पर वर्मी कंपोस्ट तैयार करने के लिए 13,592 रुपए का चेक सौंपे। इस शिविर में आधार शुद्धिकरण का कार्य किया गया। नए राशन कार्ड लाभुको का आवेदन लिया गया। शिविर में लगे विभिन्न विभागीय स्टालों में सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं योग्य लाभुकों से योजना से सं. बंधित आवेदन प्राप्त करते हुए उनका त्वरित निष्पादन किया गया। मौके पर विधायक उमाशंकर अकेला ने बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित किया तथा पंचायतों में आयोजित होने वाले शिविर में पहुंचकर राज्य सरकार की अनेकों लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील किया। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, मुखिया यास्मीन तबस्सुम, मुखिया प्रतिनिधि मो ताजुद्दीन, मो वारिस, लिपिक महेंद्र राम, सावंत कुमार, मो इम्तियाज, जे ई आसिफ अकरम, दीपक कुमार सहित सखी महिला मंडल की महिलाएं सहित पंचायत के सैकड़ों महिला एवं पुरुष मौजूद थे।

दिनांक: 17-10-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

पेज सं0: 02


## APEM WELFARE FOUNDATION

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

Regd. Under Ministry of Corporate Affairs (Govt. of India)

Regd. No.- U85300/JH/2022/NPL019305

Cont. No. - 7004315535, 9934337941

APEM TRUST HOSPITAL

आपका स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता

## BASIC PARAMEDICAL TRAINING PROGRAMME

Registration Date : 10th Oct. to 20th Oct. 2022 Reg. Fee : Rs. 500/-

Training Place : 1. APEM Trust Hospital, New Colony, Dhanbad Road, Barhi, Hazaribag
2. Tathagat Hospital, Near Jheel Restaurant, Urwan, Koderma

Forms Available on : APEM Trust Hospital & RS Enterprises, Bakri Bazar, Barhi.

Time of Course : 90 days Form's Timing : 10 AM to 04 PM

For any Further Query, Contact us or visit us.


12. Details of Qualifying Exam

| S.No. | ExamPassed | University/ Board | Subject | Yearof Passing | % / CGPA | Division |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Xth | | | | | |
| 2 | XIIth | | | | | |
| 3 | Graduation | | | | | |
| 4 | | | | | | |
| 5 | | | | | | |

### DECLARATION

I.......................................................................... hereby that I have read the Basic Paramedical Training Prospectus and understood the condition of the eligibility for the Basic Paramedical Training Programme for which I seek registration. I fulfill the minimum eligibility criteria and I have provided necessary information in this Registration Form. In the event of any information being found incorrect or misleading my candidate shall be liable to cancellation from the Basic Paramedical Training Programme at anytime and I shall not be entitled to refund of any fee paid by me to the APEM Trust Hospital, Barhi.

Applicant's Signature:................................. Parent's Signature:.......................................

### IMPORTANT INSTRUCTIONS (महत्वपूर्ण निर्देश)

1. Applicant must use Ball pen with blue/black ink only.
2. Applicant must provide the correct details only.
3. The Minimum eligibility criteria for Basic Parmedical Training Programme is Matric.
4. Applicant must know how to read or write the English language.
5. Form to be accompanied by Copies of ID/Certificates (e.g. Adhar,Matriculation, and others if any).
6. The Form should be submitted within 10 days of issusing form.
7. Applicant should have a basic knowledge of Medical.
8. The Basic Paramedical Training Programme is of 90 days, and you must have to attend all days.
9. At the end of the training a test will be organised, if you pass then certificate will be issused.
10. Applicant should get the form with a Registration Fee of Rs. 500/-(Five Hundred Rupees only).
11. Applicant can use the certificate for the Diploma/Degree in Paramedical in future.

---

Reg. No. - ............. **FOR OFFICE USE ONLY** Form No.-.............

Applicant Name: .................................................. Father's Name:..........................................................

Address: ..............................................................................................................................

Fee Received(Rs.): ..........................(In Words) ........................ ..................................

By Cash/Cheque...: ....................... ...Bank of ...........................Dated:..............................

Accounts officer's Signature: ..................................(Name):............................................

Form Checked & Verified By: ................................ (Name): ..............................................

Office Administrator.............................................. Dated:... ................................ ......

## APEM WELFARE FOUNDATION

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

Regd. Under Ministry of Corporate Affairs (Govt. of India)

Regd. No.- U85300/JH/2022/NPL019305

Cont. No. - 7004315535, 9934337941

APEM TRUST HOSPITAL

Reg. No. 2036000529

### BASIC PARAMEDICAL TRAINING PROGRAMME

### REGISTRATION FORM

Affix Recent Passport Size Photo with Self Attested Signature

**Reg. No. - .............**

**Form No.-.............** **Date : ...........................**

***(Please fill the Registration Form in CAPITAL LETTERS)***

1. Applicant Name (In English): ..........................................................................
   आवेदक का नाम (हिन्दी में): ..........................................................................
2. Father's Name (In English): ..........................................................................
   पिता का नाम (हिन्दी में): ..........................................................................
3. Mother's Name (In English): ..........................................................................
   माता का नाम (हिन्दी में): ..........................................................................
4. Dateof Birth (जन्म तिथि): ......../......../................ 5. Nationality(राष्ट्रीयता):..............................
6. Gender(लिंग): Male/Female ........................ 7. Category (SC/ST/OBC/GEN): ...............................
8. Marital Status: Single/Married/Divorced ..........................................................
9. Address for Correspondence(पत्राचार पता): ..........................................................
   ..........................................................................
   Post Office:.......................................Police Station:.................................Pin Code:.....................
   City:.......................................State:...............................................Country:..............................................
10. Contact No.(संपर्क सं0): LandlineNo.: ...................................................
    Mobile No.: ..............................................
11. EmailID (ईमेल आई डी) : .......................................................... Aadhar No...........................................

### बेसिक पारामेडिकल ट्रेनिंग प्रोग्राम (डिप्लोमा/डिग्री के लिए)

आप क्या सीखेगें


1. BP नापना


2. सूई देना



3. OT बेसिक मैनेजमेंट


4.बेसिक दवाईयाँ


5. Sline चढ़ाना


6. ऑक्सीजन देना


7. ICU बेसिक मैनेजमेंट


8.Blood Test

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## दनुवा घाटी में सड़क दुर्घटना, बड़ा हादसा टला, राँची से मसौढ़ी जा रही बस व ट्रक में टक्कर

### फिर रक्तरंजित हुवा दनुवा घाटी, आधा दर्जन यात्री घायल, सभी सुरक्षित





**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

जीटी रोड दनुआ घाटी एक बार फिर रक्तरंजित हुआ। दरअसल घाटी में रांची से मसौढी जा रही महारानी बस नंबर बीआर 2क्यू 1751 सहित तीन वाहन आपस में टकरा गये। इससे लगभग दर्जन भर लोग घायल हो गए। घटना बीते रात्रि लगभग 2 बजे की है। बताया जाता है कि दनुवा घाटी स्थित युटर्न के आगे एक डंफर खराब होकर सडक पर खडा था। तीस यात्रियों को मसौढी, बिहार लेकर जा रही महारानी बस ने जैसे ही ब्रेक लगाया पीछे से आ रही ट्रक ने पीछे से बस में धक्का मार दिया। इससे बस डिवाईडर से टकराते हुए सडक पर पलट गई। वहीं बस नीचे लगभग तीस फुट गड्ढे में चली गई। हालांकि दुर्घटना में किसी की जान नहीं गई लेकिन आधे दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। रात में ही सुचना पर थाना प्रभारी शंभुनंद ईश्वर, सिंहलोक होटल संचालक गुड्डू रजक, पंकज सिंह, संजीत कुमार पुलिस कर्मियों के साथ घाटी स्थल पर पहुंच कर सहयोग करना आरंभ कर दिया। दुर्घटना में घायलो को समुदायिक अस्पताल चौपारण लाया गया। दुर्घटना के बाद जीटी रोड एक ओर से बंद हो गया। सभी घायलों को चौपारण सामुदायिक अस्पताल लाया गया। सुबह तक पुलिस ने परिचालन सही कराया।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय पडरिया में बच्चों से काम करा रहे शिक्षक : प्रयाग प्रसाद

### बच्चे स्वेच्छा से हटा रहे थे ईट : कुलदीप सिंह

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



राज्य सरकार सरकारी स्कूलों की बेहतर शिक्षा को संवारने के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। शिक्षक भी अपनी जिम्मेवारी बखूबी निभा रहे है। जिससे स्कूल में लगातार बच्चो की दर्ज संख्या बढ़ने लगी है। बच्चे निजी स्कूल छोड़कर सरक. ारी स्कूल में अपना नामांकन करवा रहे है। वहीं कुछ ऐसे स्कूल है, जहां पर शिक्षक बच्चों को पढ़ाने के बजाय उनसे काम कराते है। ऐसा ही शिकायत मलकोको पंचायत में संचालित राजकियाकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय पडरिया में पढ़ाई के बजाय बच्चों से काम कराया जा रहा है। शिक्षक खुद पास खड़े होकर बच्चों से काम करवा रहे है। वहीं गांव के प्रयाग प्रसाद ने बताया की स्कूल मे बच्चों को कोई काम नही करना है। लेकिन मजदूर को ना बुलाकर बच्चों से काम करवाना समझ से परे है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुलदीप सिंह ने बताया की ईट इधर उधर पड़े रहने से बच्चों को खेलने में परेशानी हो रही थी। जिसको लेकर बच्चों ने स्वेच्छा से ईट को हटाया है। वहीं बरही शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राकेश कुमार ने बताया की विद्यालय में बच्चों से किसी भी प्रकार का कोई काम नही करवाना है। साथ ही उन्होंने कहा की यह बिल्कुल गलत बात है। इस मामले की जांच की जायेगी। अगर इसमें बच्चो से काम करवाने की बात सामने आई तो विद्यालय के शिक्षको पर विभाग के द्वारा अवश्य कारवाई किया जाएगा।




## वेद और विज्ञान में अन्योन्याश्रय संबंध है : श्रीरामानुजाचार्य

### श्रीदस के विद्यार्थियों को दी गई वैदिक ज्ञान की जानकारी, आचार्य का हुआ स्वागत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



आचार्य का स्वागत करते विद्यालय प्रबंधन

देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में उत्तरप्रदेश से आचार्य श्रीरामानुजाचार्य श्रीमण नारायण श्रीनिवासाचार्य स्वामी जी का आगमन हुआ। विद्यालय के प्राचार्य रोहित सिंह, समाज सेवी रंजीत चंद्रवंशी एवं सभी शिक्षकों के द्वारा आचार्य का स्वागत किया गया। आचार्य स्वामी जी के द्वारा बच्चों को वैदिक एवं भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। ज्ञात हो कि बहुत कम उम्र में उन्होंने वैदिक ज्ञान और भारतीय संस्कृति के आध्यात्मिक ज्ञान को ग्रहण किया और उनकी यह इच्छा हुई कि वह अपने ज्ञान को संसार के हर एक कोने में फैलाएं ताकि लोग अपने भारतीय संस्कृति एवं परंपरा से जुड़ें। उन्होंने वेद और विज्ञान से जुड़ी ज्ञानवर्धक तथ्यों को विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया। ताकि बच्चे वेद और विज्ञान के बीच संबंध को समझ सके। विद्यालय प्राचार्य रोहित सिंह ने कहा की वैदिक ज्ञान और भारतीय संस्कृति एवं परंपरा से विद्यार्थियों को जोड़ना अति आवश्यक है। क्योंकि हमारी भारतीय संस्कृति ही हमारी पहचान है। हमारा अस्तित्व इसी से जुड़ा है। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बच्चे मौजूद रहे।

## मुखिया नीलम देवी ने गाय पालन एवं पोषण को लेकर ग्रामीणों को दी प्रशिक्षण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव मुखिया नीलम देवी ने पंचायत भवन में सोमवार को गाय पालन एवं उसके पोषण से संबंधित ग्रामीणों को एकदिवसीय प्रशिक्षण दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कम कीमत में गौ पालन कर ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त करने, कृषि पर आधारित किसानो को गौ पालन कर दुगुनी आमदनी करने वा बाजारों में दूध की खपत नही होने की स्थिति में दूध से तैयार होने वाली घी, पनीर खोवा आदि तैयार कर बाजारों में बेचने की टिप्स बताई। इसके अलावा पशुपालको को प्रोत्साहित करने के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जागरूक करने के साथ उसका अधिक से अधिक लाभ दिलाने की बात कही। मौके पर मुखिया नीलम देवी, गव्य विकास पदाधिकारी प्रमोद कुमार, मुखिया प्रतिनिधि सह पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप, उपमुखिया प्रतिनिधि विनोद यादव, युवा समाजसेवी नागेश्वर रजक, मनोज यादव, सिकंदर पंडित, मिनेश शर्मा, लतीफ अंसारी, देवंती देवी, पूनम देवी सहित पंचायत के सभी नव निर्वाचित वार्ड सदस्य, आंगनबाड़ी सेविका, जलसहिया एवं दर्जनों जेएसएलपीएस की दीदी मौजूद थी।

## दिव्यांग बच्चों की जांच सह उपकरण वितरण के लिए लगा शिविर, 10 बच्चों के बीच वितरण किया गया उपकरण



दिव्यांग बच्ची से बात करते विधायक



दिव्यांग बच्चों को दिया गया उपकरण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

झारखंड शिक्षा परियोजना , समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत बरही नगर भवन में सोमवार को दिव्यांग बच्चों के लिए जांच सह उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बरही विधायक उमाशंकर अकेला, बीडीओ सी.आर. इंदवार, प्रमुख मनोज रजक, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, मनोज कुमार एवं बीआरसी बरही से अरुण कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस शिविर में डo अंकुश कुमार, डo राजा बाबू, डo अरुण कुमार यादव के द्वारा सभी दिव्यांग बच्चों का जांच किया गया। वहीं 10 दिव्यांग बच्चों के बीच व्हीलचेयर, रोलेटर, ट्राइसाइकिल, हियरिंग एड सहित कई अन्य प्रकार के उपकरण वितरण किए गए। इस दिव्यांग शिविर में कुल 116 बच्चो ने रजिस्ट्रेशन कराया जिसमे से सिर्फ 36 बच्चों का ही जांच हो पाया। बाकी शेष बच्चों का सही कागजात नही होने के कारण जांच नही हो पाया। विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा की बच्चो को इस तरह से जांच कर सभी लोगो को सामग्री उपलब्ध कराना सरकार की बहुत बड़ी उपलब्धि है। मौके पर बरही पूर्वी उपमुखिया मनोज उपाध्याय, पंसस नवल किशोर साहू, चंचल कुमार,दिलीप कुमार, शीला कुमारी, संजय राणा, रामकृ पाल राम सहित सैकड़ों दिव्यांग बच्चे एवं उनके परिजन मौजूद थे।

दिनांकः 17-10-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

पेज संः 04

## ताइक्वांडो में डिवाइन स्कूल के छात्रों ने बाजी मारी

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**




बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित सीबीएसई से प्लस–टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल के छात्रों ने आंठवा राज्यस्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया । दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन हजारीबाग ताइक्वांडो एसोसिएशन ने मूनका बगीचा परिसर में आयोजित किया गया । प्रतियोगिता का उद्घाटन झारखंड चीफ रेफरी अमर बाउरी ने किया।प्रतियोगिता में विद्यालय के 6 छात्रों ने पदक जीत कर डिवाइन स्कुल व प्रखंड का नाम रौशन किया।विद्यालय के निदेशक आई पी भारती ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ उनके कठिन परिश्रम को सराहा।विद्यालय के प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने बच्चों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में सफल होने के लिए गुरु का मार्गदर्शन को अपनाना आवश्यक होता है। प्रतियोगिता में श्रुति कुमारी यादव को स्वर्ण पदक, सानिया यादव को रजत पदक, प्रीति कुमारी, समिक्षा पंडित, कुंदन कुमार, सागर कुमार को कांस्य पदक मिला।इन बच्चों की सफलता में ताइक्वांडो प्रशिक्षक गुलाम हसन की भूमिका सराहनीय रहा। शिक्षक संजय कुमार यादव, काशीनाथ महतो, रामनन्दन कुमार, मनोहर कुमार सिंह, कुलदीप पासवान, अनिल उपाध्याय, विमल किशोर,अजय कुमार, सी.वेलु, देवेश चन्द्रा,प्रीति प्रभा,रुबी खातुन, पुनम कुमारी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।

## दिव्यांग बच्चों के जाँच शिविर में उपकरण का वितरण,

### दिव्यांग बच्चों का जांच शिविर,16 उपकरण का वितरण,जनप्रतिनिधियो ने किया शुभारंभ

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**




आदर्श मध्य विद्यालय चौपारण में दिव्यांग बच्चों का जांच शिविर सह सहायक उपकरण वितरण किया गया। शिविर में 16 दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण एवं 35 दिव्यांग बच्चों का जांच किया गया। इससे पूर्व शिविर का शुभा. रंभ उपप्रमुख प्रिती कुमारी, सांसद प्रतिनिधि मुकुन्द साव, मुखिया गुलाबी यादव, मुखिया प्रतिनिधि अभिमन्यु भगत, बीईईओ राकेश कुमार, उमाकांत यादव सहित अन्य ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंच का संचालन शिक्षक जनार्दन प्रसाद वर्मा ने किया। रिसोर्स शिक्षक गिरधारी महतो, फिजियोथेरेपीस्ट दीपक कुमार ने कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए बताया कि दिव्यांग बच्चो का सभी प्रकार के दिव्यांगता का जांच पड़ताल किया गया जिन्हें भविष्य में उपकरण उपलब्ध कराया जाएगा। उप प्रमुख प्रिती कुमारी ने कहा कि सरकार सभी वर्गो के प्रति गंभीर है सबका विकास हो रहा है। कहा शिविर के आयोजन से दिव्यांग बच्चो को लाभ मिलेगा। मौके पर शिक्षक बद्दी उजमा, राकेश कुमार, राजेश कुमार, नीतू कुमारी, प्रमोद कुमार, प्रतिमा कुमारी, बीपीएम मो आरिफ अंसारी, लेखापाल विष्णु कुमार दास शशि कुमार, बीआरपी मोहम्मद सईद आदि उपस्थित रहे। सामग्री पाने वाले बच्चे रेखा कुमारी, सूरज कुमार, मुजाहिद अंसारी, मुस्तकीम अंसारी, मुस्तफा अंसारी, नफीसा खातून, अंश कुमार, भास्कर कुमार, लक्ष्मी कुमारी, प्रिंस कुमार शामिल है।

## स्कूल रास्ता अतिक्रमण को ले मुखिया ने ग्रामीणों के साथ की बैठक

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



संवाददाता बरकट्ठा : प्रखंड अंतर्गत बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत के कोनहरा कला स्थित नव सृजित प्राथमिक विद्यालय में स्कूल रास्ते का हुए अतिक्रमण को ले मुखिया मो अब्बास अंसारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कि गई। मौके पर स्कूल का रास्ता और भूमि पर हुए अतिक्रमण पर चर्चा की गई। मुखिया मो अब्बास अंसारी ने कहा कि पूर्व में जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के साथ बैठक में विद्यालय के रास्ते के लिए 11 फीट जमीन छोड़ने पर सहमति बनी है। इस पर किसी भी तरह का विवाद नहीं होना चाहिए। जल्द ही स्कूल रास्ते से आवागमन शुरू किया जाएगा। साथ ही विद्यालय परिसर में साफ सफाई पर जोर देते हुए कहा कि विद्यालय ज्ञान का मंदिर है। इसको दूषित नहीं करें। ग्रामीणों के मुताबिक स्कूल रास्ते को लेकर ग्रामीणों ने कई बार वरीय जनप्रति. निधियों और प्रशासनिक अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया। लेकिन आज तक आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। बच्चों को स्कूल आने जाने में हो रही कठिनाइयों से निजात कब मिलेगी यह तो आने वाला समय ही बताएगा। बैठक में प्रधानाध्यापिका चंपा देवी, सहायक शिक्षक तुलसी प्रजापति, वार्ड सदस्य जहीर अंसारी, जीवन यादव, मुकेश यादव,राजु यादव,मो अंसारी, किशुन यादव, श्यामलाल सिंह, पंकज सोनी, मंसूर अंसारी रामेश्वर रविदास समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## टीएसएस के युवा प्रखंड अध्यक्ष बने सन्नी गुप्ता, अध्यक्ष अरुण साहू ने किया सम्मानित





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही हाउस में सोमवार को टीएसएस प्रखंड अध्यक्ष संतोष राजवर के अध्यक्षता में तिलेश्वर साहू सेना की बैठक संपन्न हुई। जिसका संचालन छोटी राम ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि टीएसएस अध्यक्ष अरुण साहू शामिल हुए। बैठक में सनी गुप्ता को युवा प्रखंड अध्यक्ष मनोनित किया गया। वहीं सनी गुप्ता को युवा प्रखंड अध्यक्ष बनाए जाने पर टीएसएस अध्यक्ष अरुण साहू ने माला पहनाकर उन्हें सम्मानित किया। इस बैठक में मुख्य रूप से तिलेश्वर साहू सेना के मूल आदर्शों एवं विचारों को बरही विधानसभा के प्रत्येक घर, परिवार व व्यक्ति तक पहुंचाने पर बल दिया गया। मौके पर नव निर्वाचित बरही प्रखंड युवा अध्यक्ष सन्नी गुप्ता, बरही प्रखंड उपाध्यक्ष सुनील केशरी, अनवर खलीफा, बालेश्वर सिंह, विजय दास, मुरली दास, अजीत चंद्रवंशी, सचिव बिनोद दास, सूरज हेम्ब्रम, रहमान मियां, दामोदर महतो, शमशुल अंसारी, प्रखंड महिला मोर्चा सुमन देवी, प्रवक्ता मनोज कुमार पाण्डेय, कोल्हुआ कला अध्यक्ष अब्दुल हामिद अंसारी, सचिव तैयब अंसारी , तिलेश्वर साहू सेना के प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा, प्रकाश दास, प्रखंड प्रधान सचिव विष्णुधारी महतो, मीडिया प्रभारी बबलू साहू, अल्पसंख्यक अध्यक्ष अंसारी, करियातपुर पूर्व प्रधान सुमन देवी, बिनोद रविदास, अंतु पांडे, विजय दास, मुरली दास, मनोज पांडे , मनोज विश्वकर्मा, पंचायत अध्यक्ष राजू मेहता, बंटी पांडे, शमशुल अंसारी, बिरेंद्र चंद्रवंशी, विकास सोनी, सोनू मेहता, सोनू बर्नवाल, पिंटु साव, रोहित केसरी, राज केसरी आदि सैकड़ों महिला एवं पुरुष मौजूद थे।

## बरही के अधिकांश सरकारी दुकानों में होती है नकली शराब की मिलावट, सभी शराब दुकान की हो जांच : बिनोद यादव

### चौपारण में खाली बोतल, कार्टून रैपर मिलने से संदेह के घेरे में हैं सरकारी शराब की दुकान

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


बिनोद यादव

झारखण्ड स्टेट बेवरेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों के द्वारा चौपारन चतरा मोड़ स्थित एक सरकारी दुकान में की गई छापेमारी में मिले शराब के कार्टून, खाली बोतल, रैपर से यह स्पष्ट हो गया कि सरकारी शराब दुकानों में सरकारी दुकान के आड़ में नकली शराब की बिक्री की जा रही है। ग्राहकों के साथ धोखा किया जा रहा है। उक्त बयान कांग्रेस के जिला महासचिव बिनोद कुमार यादव ने प्रेस बयान जारी कर कहा। उन्होंने उत्पाद विभाग हज़ारीबाग़ पर इस गोरखधंधे में शामिल होने का भी आरोप लगाया है। बिनोद यादव ने कहा कि हज़ारीबाग़ जिले में जब रांची की टीम छापेमारी करती है तो निश्चित तौर उत्पाद विभाग हज़ारीबाग़ के अधिकारियों की मिलीभगत से इनकार नही किया जा सकता है। कहा कि बरही विधान सभा सहित पूरे जिले में संचालित सरकारी दुक. ानों की जांच होनी चाहिए। दुकान में कितना माल आता है और कितना स्टॉक में है। कितनी बिक्री प्रत्येक दिन होती है। इसकी जांच होनी चाहिए। संदेह है कि भले ही दुकान सरकारी स्तर पर संचालित है। लेकिन इसमें बिक्री नकली शराब की होती है। जिसके कारण एक ओर जहां उपभोक्ताओं के सेहत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। वहीं सरकार को भी राजस्व की भारी क्षति हो रही है। जिला महासचिव ने हज़ारीबाग़ उत्पाद विभाग की कार्यशैली एवं संचालित दुकानों की जांच की मांग की है।

## 18 सदस्यीय संत जन पैदल यात्रा कर बरही पहुंचे, आरएसएस एवं विहिप ने किया स्वागत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



संतजनों का स्वागत करते विहिप एवं आरएसएस का कार्यकर्ता

भामाशाह विद्यालय बरही में ष्अखिल भारतीय हरे राम हरे कृष्ण फाउंडेशनष के 18 सदस्यीय संतजन का आगमन हुआ। सभी पैदल यात्रा कर आंध्रप्रदेश काकीनाड़ा जिला के गुंचाला ग्राम श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर से चरण पादुका पुजित कर 21.08.2022 प्रस्थान करते हुए कशी विश्वनाथ मंदिर दर्शन–पूजन करते हुए श्रीराममंदिर अयोध्या पहुंचने वाले हैं। अयोध्या में चरण पादुका विधिवत पुजन करके अपने स्थानीय ग्राम में नवनिर्मित भव्य राममूर्ति मंदिर स्थापित करने की योजना है। इस टोली में मुख्यरूप से बेरबद्ध रामकोटि सुब्बाराव, लक्ष्मीरमण मंगराजू, अनंतलक्ष्मी मधुकुरी एवं अन्य 15 संतजन साथ साथ श्रीराम मंदिर निर्माण के प्रति अगाध श्रद्धा व प्रसन्नता के साथ पैदल यात्रा पर हैं। बरही आगमन पर बरही के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत किया गया।

सत्कार व सेवा सुश्रुषा विश्व हिन्दू परिषद के सह जिला मंत्री गुरुदेव गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर कुमार, प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खण्ड कार्यवाह प्रभु राणा जी, जीप सदस्या प्रीति कुमारी एवं त्रिवेणी साहू ने किया।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का राजपुर पंचायत में हुआ आयोजन

### जीप उपाध्यक्ष,मुखिया तथा बी डी ओ ने द्वीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ





**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी : झारखण्ड सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम आपकी योजना, आपकी सरकार,आपका द्वार कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को कान्हाचट्टी प्रखण्ड के राजपुर पंचायत में किया गया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवरी उर्फ बिरजू तिवारी,मुखिया विकास कुमार उर्फ छोटु सिंह एवं बी डी ओ हुलास महतो आदि ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया गया।कार्यक्रम पंचायत के लगभग सभी गांवों से सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण पहुंचे थे।सरकार की योजना की जनकारी के लिए कुछ लोग अपने अपने परिजनों के गोद से भी पहुंचे थे।कार्यक्रम में जे एस एल पी एस के द्वारा महिला समूहों के बीच ऋण का भी परिसम्पत्ति का भी वितरण किया गया।वहीं कुछ बृद्धाओ द्वारा पेंशन के लिए शिविर में आवेदन आया जिसमे कई जरूरत मन्दों को ऑन द स्पोर्ट में ही पेंशन की स्वीकृति दी गई।वहीं कई लोगो के बीच मनरेगा का जॉब कार्ड भी दिया गया।शिविर में सभी विभागों का स्टॉल भी लगाया गया था।जिसमे लगभग सभी विभाग के लोग मौजूद थे।कार्यक्रम को सम्बोधितल करते हुए उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने कहा कि हेमंत सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम किया जा रहा है। योजनाओं का लाभ आम लोगो तक पहुंच रहा है। मुखिया छोटु सिंह ने कहा कि चाहे राशन कार्ड हो या फिर पेंशन सरकार की इन योजनाओं को अंतिम ब्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। इधर बी डी ओ हुलास महतो ने कहा कि सरकार की अभी कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है।उन्होंने आवास योजनाओं के लाभुकों से कहा कि किसी बिचौलिए के फेर में न पड़ें किसी को आवास के नाम पर राशि न दें।मौके पर थाना प्रभारी विकास पासवान,बी पी ओ नीरज पासवान, प्रमुख इंदु देवी,उपप्रमुख सुमन सिंह,बीस सूत्री अध्यक्ष रामेश्वर यादव सहित सभी विभाग के प्रधान लोग मौजूद थे।

## कोडरमा पुलिस मेंस एसोसिएशन चुनाव के परिणाम हुए जारी


**अपेम लाइव चंदवारा**
**श्रीकांत पांडेय**




कोडरमा चंदवारा पुलिस लाइन में हुए कोडरमा केंद्र अंतर्गत पुलिस मेंस एसोसिएशन के चुनाव परिणाम जारी 16 अक्टूबर के हुए विभिन्न पदों के चुनाव में जिनमें सभापति पद हेतु जगरनाथ कुमार साव के पक्ष में 318 मत पड़े वहीं विपक्ष में 301 मत पड़े जबकि सचिव मंत्री पद हेतु रामजी यादव के पक्ष में 429 एवं उनके विपक्ष में 186 मत पड़े वही कोषाध्यक्ष सरोज कुमार वर्मा 313 मत ला कर बने संयुक्त सचिव नंदलाल महतो 321 मत लाकर बने वही मुकेश कुमार रवि उपसभापति 426 मत लाकर बने जबकि संटू कुमार डूडू केंद्रीय सदस्य चुने गए एवं अंगरक्षक के लिए मोहम्मद सरफराज इस मौके पर सभी निर्वाचितो ने कहा कि ने कहा कि हमें जो इतना बड़ा समर्थन मिला है उसके लिए हम सभी का शुक्रगुजार हैं जो हमें इतनी बड़ी जिम्मेवारी दी है तथा हम सभी के सहयोग से अपने सहयोगीयों को भरपूर अपने कार्यकाल में सहयोग करने के लिए प्रयासरत रहेंगे इस बीच जीते हुए प्रत्याशियों को फूल माला बुके व मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया गया एवं बधाई देने वालों में मेजर विनाश टुडू, सार्जेंट सन्नी कच्छप, एएसआई प्रेम सागर जालंधर कुश ठाकुर, जितेन्द्र कुमार मेहता , दिनेश दास, सुरेश केशरी, नरेन्द्र यादव, अर्जुन महतो, रोहिलाल मुर्मू, हरि यादव, जगदीश महतो, योगेन्द्र गुप्ता, मंगल टोप्पो, कुस ठाकुर सुरेश केसरी, एवं अन्य सभी पुलिसकर्मी ने बधाई दी है

## छठ पूजा समिति के अध्यक्ष बने बिन्दु सोनी व कोषाध्यक्ष धीरज गुप्ता

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**




बरकट्ठा प्रखण्ड का प्रमुख छठ घाट बेलवा नदी छठ घाट में बेहतर पूजा आयोजन को लेकर अंबेडकर भवन बरकट्ठा में बैठक की गई इस बैठक की अध्यक्षता संजय गुप्ता व संचालन दिलीप सोनी ने किया। बैठक में छठ पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर चर्चा किया गया साथ ही कहा गया कि छठ पूजा हम सभी सनातनी का सबसे बड़ा आस्था का केंद्र है, छठ माता सबों का मनोकामना पूर्ण कर देती हैं इसलिए हम समस्त सनातनी को छठ पूजा का त्योहार धूमधाम व श्रद्धा के साथ मनाना चाहिए।इस बैठक में पूजा समिति का चुनाव किया गया जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष बिंदु सोनी, उपाध्यक्ष दिलीप सोनी, सचिव संतोष साहनी,कोषाध्यक्ष धीरज कु गुप्ता, कार्यकारणी सदस्य गुड्डू गुप्ता, राहुल गुप्ता,दीपक सोनी,संजीत सोनी,छोटू विश्वकर्मा,चिंटू विश्वकर्मा,बिट्टू मोदी,रतन गुप्ता,चंचल कु,मोनू मंडल, मोहित कु, बिनोद सोनी, सुजीत कु विश्वकर्मा,इत्यादि सनातनी को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया समिति अध्यक्ष बिंदु सोनी व अन्य अधिकारियों ने कहा पूर्व की भांति इस वर्ष भी छठ पूजा भव्य तरीके से मनाया जाएगा वही इस बार सार्वजनिक सहयोग से साउंड, साज सज्जा व भंडारे का उत्तम व्यवस्था की जाएगी मौके पर उपस्थित विहिप प्रखण्ड अध्यक्ष संजय यादव ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दी व सनातन धर्म के परम्परा को आगे बढ़ाने में सहयोग की अपील की ।

## सात साल पहले कंपनी के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा था और अब भी लड़ाई लडूंगा : योगेंद्र साव

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव के डाडी मेला टांड़ मैदान में सोमवार को पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव की स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस क्षेत्र में योगेंद्र साव 7 साल के बाद पहुंचे हैं। समारोह की अध्यक्षता पंकज कुमार एवं संचालन मोहम्मद रियासत हसन ने किया। मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने मंत्री योगेंद्र साव एवं विधायक अंबा प्रसाद को बुके एवं माला पहनाकर स्वागत किया। विधायक अंबा प्रसाद ने भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि मैं और मेरे पूरे परिवार ग्रामीणों की लड़ाई लड़ते आ रहे हैं। कंपनी ने ग्रामीणों को धोखा देकर जमीन लेने का काम की है। आज एनटीपीसी चुरचू गांव को पूरी तरह से विस्थापित कर दी है, धीरे-धीरे इस क्षेत्र को इसी प्रकार विस्थापित किया जाएगा और आप देखते रह जाएंगे। वहीं, मंत्री योगेंद्र साव ने कहा कि मैं ग्रामीणों के लड़ाई एनटीपीसी एवं इसके सहायक कंपनी के खिलाफ लड़ते-लड़ते षड्यंत्र तहत मुझे जेल करवा दिया गया। और ग्रामीणों ने अपने निजी स्वार्थ के लिए 8 हजार में अपने आपको कंपनी के हाथों बेचा है। कंपनी के विरोध में जब निर्मला देवी धरना देते हुए खेतों में सोती थी उस समय ग्रामीण घर में रहते थे। मेरी पूरी परिवार ग्रामीणों की लड़ाई लड़ी है। आगे उन्होंने कहा कि मैं लड़ाई लड़ रहा था और भू रैयत एक थाली भात एवं 250 रुपए लेकर हस्ताक्षर करने का काम कर रहें थें। अब मैं फील्ड में सक्रिय हूं और आगे रणनीति बनाकर आप लोगों की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हूं। 7 साल पहले भी ग्रामीणों के हित की लड़ाई लड़ रहा था और आगे भी मैं लड़ता रहूंगा। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, 20 सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, शमशेर आलम, विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो, पंकज साव, निर्मल राम, नेमधारी राम, कुलेश्वर राम, बरकत अली, मोहम्मद अंजर, मोहम्मद मोईन, मोहम्मद शमीम, मोहम्मद टिंकू, मोहम्मद जूनू, मोहम्मद वारिस, मोहम्मद मजहर, समीम अहमद, राजेश रजक, चंद्रिका सव, मोहम्मद कासिम मियां, अनवर अली,कृष्णा ओझा, मोहम्मद रफूल, अनजर अली, साबिर हुसैन, मशकुर आलम, अब्दुल जब्बार, अजीत कुमार, मोहम्मद जमाल, नसरुल् अंसारी, तफाजुल अंसारी, वाहिद हुसैन, संजय कुमार दास, अजीत कुमार साव, भीखन राम,आदि सैंकड़ो लोग थे।

## सुरेखा स्कूल में आयोजित इंटर हाउस फुटबॉल प्रतियोगिता का विजेता बना सुभाष हाउस

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**




नवभारत जागृति केन्द्र द्वारा संचालित सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल में इन्टर हाउस फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेला गया। रोमांचक मुलाबले में सुभाष हाउस ने टैगोर हाउस को 2- 0 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। सुभाष हाउस के तरफ से नीतिश कुमार वर्ग दशम ने और अमन कुमार ने एक - एक गोल देकर अपने टीम को 2-0 से जीत दिलाया। इससे पूर्व मैच का शुभारम्भ विद्यालय के प्राचार्या रीना पान्डेय ने टॉस करवा कर किया। मैच रेफरी की भूमिका में उमेश भगत, राकेश रंजन, एम संतोष चौरसिया ने महती भूमिका निभाया। प्राचार्या रिणा पांडेय ने विजेता और उपविजेता को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। हमारे विद्यालय के खिलाड़ी जिला स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे है। मैच को सफल बनाने में, इन्द्रजीत शर्मा, राजीव रंजन, अजीत पाण्डेय, ब्यास पान्डेय, मुकेश पाठ्क, रचिन्छ कुमार, नीतु कुमारी, विजय महतो की भूमिका सराहनीय रहा ।

## अदानी के द्वारा होने वाले ग्राम सभा रद्द् करने को लेकर ग्रामीणों ने किया बैठक

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागाँव में कंपनी से हो रहे प्रभावित को देखते हुवे गोंदलपूरा कोल ब्लॉक में खनन करने आए अदानी कंपनी को लोगो के द्वारा कड़ा विरोध देखने को मिल रहा है। अदानी कम्पनी के द्वारा 18 अक्टूबर दिन बुधवार को ग्राम सभा आहूत की जानी थी , जिसके दो दिन पूर्व ही 16 अक्टूबर दिन सोमवार को गोंदलपूरा कोल ब्लॉक के सभी प्रभावित जनता ने पंचायत भवन के बगल में मुखिया बासुदेव यादव की अध्यक्षता में ग्राम सभा आयोजित किया गया जिसमें उपायुक्त महोदय को पत्र लिखते हुवे सव. 'समिति से यह निर्णय लिया गया कि गोंदलपुरा, गाली,बलोदर, हा है एवं फुलांग का जमीन बहुफसलीय उपजाऊ जमीन है , इस गांव के लोग इसी में अपना जीविकोपार्जन करते है, इस लिए हमलोग किसी भी हाल में अदानी कोल ब्लॉक को अपना उपजाऊ भूमि नही देंगे।

APEM
LIVE

APEM
LIVE

डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार